**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**14.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**ऊर्जा संरक्षण**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत ने ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नई दिल्ली में आज ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब एक विकल्प नहीं बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने निर्धारित समय सीमा के पहले अपनी स्वच्छ ऊर्जा वचनबद्धताओं को पूरा किया है जो उन्नत ऊर्जा दक्षता और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण–2025 पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को झूठी गारंटियों के नाम पर जनादेश हथियाने के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगने की सलाह दी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपनी झूठी गारंटियों का हिसाब देने के बजाय देशभर में घूम–घूम कर वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हर जगह झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करते हैं लेकिन देश की जनता ने अब कांग्रेस की हकीकत पहचान ली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग सरकार की नाकामियों से जूझ रहे हैं और पूरी सरकार दिल्ली में हाइकमान को खुश करने में लगी हुई है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के शिमला में ऐतिहासिक स्वागत ने हिमाचल की राजनीति की दिशा बदली है। एक बयान में उन्होंने कहा कि 4 दिसम्बर को धर्मशाला और पिछले कल शिमला में हुई विशाल रैली से ये स्पष्ट है कि प्रदेश की सत्ता अब कांग्रेस के हाथों में अधिक समय तक नहीं रहने वाली है। बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार प्रदेश के विकास व कल्याण के लिए निरंतर सहयोग कर रही है। इसके विपरीत प्रदेश कांग्रेस सरकार ने विकास योजनाओं व जन कल्याण के कार्यों को रोक कर जनता के हितों से खिलवाड़ किया है।

**भाजपा**

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक बलवीर वर्मा ने कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल के हक के लिए केन्द्र में सबसे मज़बूत आवाज़ बने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं, खराब वित्तीय प्रबंधन और नीतिगत असफलताओं से ध्यान हटाने के लिए केन्द्र व भाजपा नेतृत्व पर निराधार आरोप लगा रही है।

वहीं प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय व केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष बार–बार प्रदेश के हितों सहित आपदा राहत और विशेष सहायता की मज़बूती से आवाज़ उठाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा और केन्द्र सरकार हर परिस्थिति में प्रदेश के साथ खड़ी है और आगे भी रहेगी।

**क्रिकेट**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी–20 मैच आज धर्मशाला में खेला जाएगा। यह मैच अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे शुरू होगा। 5 मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें फिलहाल एक–एक की

बराबरी पर हैं। श्रृंखला का चौथा मैच बुधवार को लखनऊ जबकि पांचवां और अंतिम मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में होगा।

**वॉकथॉन**

प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत 16 दिसम्बर को हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों से मैदान में प्रतिभागियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने और इस आयोजन को बेहतर ढंग से संपन्न करवाने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान ज़िला उपायुक्त अमरजीत सिंह, आई.जी. विमल गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कुल्लू व चंबा की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है।